कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248005
Mail ID :**ukmssbdun@gmail.com**; Website : **www.ukmssb.org** **Phone: 01352665366**

विज्ञापन संख्या: उ0चि0से0च0बो0 / परी0(टैक्नी0) / 02 / 2020–21 / 08 दिनांक: 06 जनवरी, 2022

<u>संशोधित विज्ञापन</u>

(टैक्नीशियन संवर्ग परीक्षा–2021)

(लैब टेक्नीशियन, ओ0टी0 टेक्नीशियन, सी0एस0एस0डी0 टेक्नीशियन, रेडियोथिरैपी टेक्नीशियन, ई0सी0जी0 टेक्नीशियन, ऑडियोमैट्री टेक्नीशियन, डेण्टल टेक्नीशियन, रिफ्रेक्शनिष्ट और रेडियोग्राफिक्स टेक्नीशियन पद हेतु)

उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय मेडिकल कॉलेजों के अन्तर्गत टैक्नीशियन संवर्ग परीक्षा–2021'' के अन्तर्गत सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु पूर्व में विज्ञापन संख्या उ0चि0से0च0बो0 / परी0(टैक्नी0) / 02 / 2020–21 / 465 दिनांक 13 अगस्त, 2021 को प्रकाशित किया गया था।

उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रख्यापित अधिसूचना संख्या 1077/XXVII(5)/2021-08(सामान्य)/2019 दिनांक 29 नवम्बर 2021 उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विभाग टैक्नीशियन (लैब, ओ0टी0 / सी0एस0एस0डी0 टैक्नीशियन, डेन्टल आदि) संवर्ग सेवा (संशोधन) नियमावली, 2021 द्वारा टैक्नीशियन संवर्ग के अन्तर्गत लैब टेक्नीशियन, ओ0टी0 टेक्नीशियन, सी0एस0एस0डी0 टेक्नीशियन, रेडियोथिरैपी टेक्नीशियन, ई0सी0जी0 टेक्नीशियन, ऑडियोमैट्री टेक्नीशियन, डेण्टल टेक्नीशियन, रिफ्रेक्शनिष्ट और रेडियोग्राफिक्स टेक्नीशियन पद हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा अधिसूचना संख्या 326/XXVII(5)/2020-08(सामान्य)/2019 दिनांक 13 अप्रैल 2021 को प्रख्यापित उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विभाग टैक्नीशियन (लैब, ओ0टी0 / सी0एस0एस0डी0 टैक्नीशियन, डेन्टल आदि) संवर्ग सेवा नियमावली, 2020 में विद्यमान नियम 8– **शैक्षणिक अर्हता** के क्रम संख्या 4 में ''अभ्यर्थी के पास राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त चिकित्सा सस्थान से सम्बन्धित कार्य में कम से कम 02 वर्ष का कार्य अनुभव होना अनिवार्य है'' के स्थान पर ''अभ्यर्थी द्वारा किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सा सस्थान से सम्बन्धित कार्य में प्रशिक्षण (इन्टर्नशिप) अनिवार्य रुप से प्राप्त किया गया हो'' प्रतिस्थापित कर दिया गया है। इस क्रम में प्रश्नगत पद के विभागाध्यक्ष द्वारा संशोधित विज्ञप्ति जारी करने हेतु बोर्ड से अनुरोध किया गया है।

शासन द्वारा किये गये संशोधन के परिणामस्वरुप अब वे अभ्यर्थी भी आवेदन करने हेतु पात्र हो गये हैं जिनके पास 02 वर्ष का अनिवार्य अनुभव नहीं है, परन्तु वे किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सा संस्थान से सम्बन्धित कार्य में प्रशिक्षण(इन्टर्नशिप) अनिवार्य रुप से प्राप्त कर लिये हो, अतः ऐसे अभ्यर्थियों को विज्ञापन संख्या उ0चि0से0च0बो0 / परी0(टैक्नी0) / 02 / 2020–21 / 465 दिनांक 13 अगस्त, 2021 के क्रम में विज्ञापित पद लैब टेक्नीशियन–101, ओ0टी0 टेक्नीशियन–102, सी0एस0एस0डी0 टेक्नीशियन–103, रेडियोथिरैपी टेक्नीशियन–104, ई0सी0जी0 टेक्नीशियन–105, ऑडियोमैट्री टेक्नीशियन–106, डेण्टल टेक्नीशियन–107, रिफ्रेक्शनिष्ट–110 और रेडियोग्राफिक्स टेक्नीशियन–111 के पदों हेतु प्राप्त उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विभाग टैक्नीशियन (लैब, ओ0टी0 / सी0एस0एस0डी0 टैक्नीशियन, डेन्टल आदि) संवर्ग सेवा (संशोधन) नियमावली, 2021 के क्रम में प्रश्नगत पदों हेतु ऑनलाईन आवेदन करने का अवसर संशोधित विज्ञापन के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है। संशोधित विज्ञापन में उपरोक्तानुसार पूर्व में विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि निम्न प्रकार से है:–

संशोधित विज्ञापन प्रकाशन की तिथि	–	06 जनवरी 2022
ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि	–	07 जनवरी, 2022 (शुक्रवार)
ऑनलाईन आवेदन भरने की अन्तिम तिथि	–	27 जनवरी, 2022 (बृहस्पतिवार) (सांयः 05:00 बजे तक)
आवेदन शुल्क Net Banking /Debit Card/ Credit Card द्वारा जमा करने की अन्तिमतिथि	–	27 जनवरी, 2022 (बृहस्पतिवार) (सांयः 05:00 बजे तक)

नोटः–

1. उक्त पदों हेतु जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में आवेदन किया जा चुका है, उन्हे पुनः आवेदन करने की आवश्यक्ता नहीं है।
2. पूर्व में जारी किये गए विज्ञापन की शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी। कृपया पूर्व में जारी किये गये विज्ञापन संख्या उ0चि0से0च0बो0 / परी0(टैक्नी0) / 02 / 2020–21 / 465 दिनांक 13 अगस्त, 2021 का भली–भांति अवलोकन / अध्ययन कर लें।
3. आवेदन पत्र मात्र आनलाईन भरे जायेंगे। अन्य किसी भी प्रकार से आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा।
4. ऑनलाईन आवेदन करने की अतिमं तिथि के उपरान्त किसी भी माध्यम से आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा।
5. टैक्नीशियन संवर्ग परीक्षा–2021 से सम्बन्धित सूचना हेतु बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.ukmssb.org का समय–समय पर अवलोकन करें।

ह0 / –
(गरिमा रौंकली),
सचिव